प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

25.09.2024/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

पीएम–मेक इन इंडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया पहल के दस वर्ष पूरे होने का स्वागत किया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया भारत को विनिर्माण और नवाचार शक्ति केंद्र बनाने के एक सौ चालीस करोड भारतीयों के सामूहिक संकल्प का उदाहरण है। उन्होंने पिछले एक दशक से इस आंदोलन को सफल बनाने में अथक प्रयास कर रहे सभी लोगों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने हर संभव माध्यम से मेक इन इंडिया को प्रोत्साहन देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात में वृद्धि और क्षमता निर्माण उल्लेखनीय है, इससे अर्थव्यंवस्थो को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि सुधारों के लिए प्रयास जारी रहेंगे और साथ मिलकर हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेंगे।

शपथ

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला स्थित राजभवन में न्यायमूर्ति राजीव शकधर को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने शपथ ग्रहण समारोह की कार्यवाही का संचालन किया और भारत के राष्ट्रपति द्वारा जारी नियुक्ति वारंट पढ़ा। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची, विभिन्न बोर्डों और निगमों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

शांडिल

समाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य महिला विकास निगम विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को लाभ पहुंचाकर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रहा है। सोलन जिला के कण्डाघाट में निगम के निदेशक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। शांडिल ने निदेशक मण्डल को निगम की योजनाओं का बेहतर प्रचार–प्रसार सुनिश्चित बनाने को कहा ताकि पात्र महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि राज्य महिला विकास निगम द्वारा इस वित्त वर्ष में स्वरोजगार योजना के तहत 67 महिलाओं को 67 लाख रूपए के ऋण विभिन्न बैंकों के माध्यम से उपलब्ध करवाए गए हैं।

सुंदर ठाकुर

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने आज राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में आयोजित तीन दिवसीय इंटर कॉलेज वूमेन फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास करने के लिए तत्पर है। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि सरकार शिक्षा और खेलों को विशेष महत्व देकर युवाओं को भविष्य में प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर करियर निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस बीच सुंदर सिंह ठाकुर ने आज स्वास्थ्य विभाग के जरी ब्लॉक के पारला भुंतर में शहरी स्वास्थ्य व वेलनेस केंद्र का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वेलनेस सेंटर से विशेषकर बुजुर्गों व महिलाओं को अब स्वास्थ्य की छोटी–छोटी समस्याओं को लेकर दूर नहीं जाना पड़ेगा। _

स्वच्छता अभियान

स्वच्छता ही सेवा–2024 पखवाड़े के तहत इस वर्ष 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर कई स्थानों पर सफाई व जागरूकता अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हमीरपुर जिले की विभिन्न पंचायतों और शहरी निकायों में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर ने बताया कि अभियान के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी और कूड़े के ढेर वाले स्थान चिह्नित करके इनकी सफाई की जा रही है। इन क्षेत्रों में जलस्रोतों को साफ करने के अलावा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है। अभियान के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' योजना के तहत पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यशाला

आपदा जोखिम न्यूनीकरण व आपदा जोखिम से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी द्वारा करसोग में समर्थ कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। एसडीएम करसोग राजकुमार की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में करसोग उपमंडल की ममेल, खादरा, स्वामाहू और क्लाशन पंचायतों से आपदा प्रबंधन के लिए गठित टास्क फोर्स के लगभग 60 स्वयंसेवकों को आपदा से निपटने के गुर सिखाए गए। एसडीएम ने कहा कि लोगों को जागरूक व प्रशिक्षित करके ही प्राकृतिक आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

फुटबाल प्रतियोगिता

51वीं अखिल भारतीय ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रतियोगिता आज मंडी के पड्डल मैदान में शुरू हुई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ अखिल भारतीय ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रतियोगिता की आयोजन समिति के अध्यक्ष व

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने किया। प्रतियोगिता में हिमाचल सहित अन्य राज्यों की आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। उपायुक्त ने बताया कि नशा मुक्त मंडी का संदेश देने के लिए इस प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को नशे के खातमे के लिए शपथ भी दिलाई।

———————————————